तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


नम आंखों से दी मां दुर्गा को विदाई 14


कोलेगांव से हथमुड़ी मार्ग बना मुसीबत, गड्ढों में ... 13

## खबर संक्षेप

### म्यूल खाता चलाने वाले के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई।** म्यूल खाता में अवैध रुप से ठगी के रुपए का उपयोग करने पर अपराध कायम किया गया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के माध्यम से म्यूल एकाउंट के नंबर की जानकारी मिली। उत्कर्ष स्माल फायनेंस बैंक शाखा सुपेला का बैक खाता धारक सडक 13 कान्ट्रेक्टर कालोनी सुपेला निवासी बब्बु अली के द्वारा खाता खुलवाया। उक्त खाता को ऑनलाइन ठगी की रकम प्राप्त कर अवैध धनलाभ अर्जित करने का प्रयोग किया। खाता में 3 लाख 85 हजार 231 रुपए आया। दूसरी घटना बैंक ऑफ इंडिया सुपेला का है। जहां मो. गुलफाम कुरैशी खाता खुलवाकर उसमें 44 हजार 250 रुपए प्राप्त किया।

### नशीली टेबलेट के साथ युवक गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक युवक से 30 नग नशीली टेबलेट बरामद कर कार्रवाई की है। डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 1 अक्टूबर को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी दिव्यांश सिंग ठाकुर निवासी खुंटापारा क्षेत्र में घूम-घूमकर नशीली टेबलेट बेचता है, जो काले रंग की बाइक में घूम रहा है। सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस बोरतलाब रोड चिद्दो मोड़ के पास पहुंचकर रेड कार्रवाई कर घेराबंदी कर तलाशी ली, जिस पर बाइक के सीट के नीचे एक पीले रंग के कैरी बैग में कुल 30 नग नशीली टेबलेट मिला, जिसे मोटर साइकिल सहित व बिक्री रकम 550 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा-21(ख) एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई है।

### फार्म हाउस से मूर्ति चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ प्रज्ञागिरी स्थित योगी तरूण क्रान्ती के फार्म हाउस से मूर्ति चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 अगस्त को प्रार्थी विजय अग्रवाल 55 साल निवासी भगत सिंह चौक द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि ग्राम कुरूभाट प्रज्ञागिरी के पास छोटे भाई तरूण क्रान्ती योग का फार्म हाउस है। जिसमें बरामदा में रखे गणेश, लक्ष्मी माता, काली माता, बुद्ध, सरस्वती माता की मूर्ति तथा अन्य छोटी मूर्ति को 5 अगस्त की रात्रि में कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा- 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पर्व : कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतलों का भी दहन किया गया

# बुराई पर अच्छाई की जीत, 30 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

असत्य पर सत्य के विजय का प्रतीक का पर्व दशहरा जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में मनाया गया। हजारों की संख्या में उपस्थित अंचलवासियों की मौजूदगी में 35 फीट ऊंचा विशालकाय अहंकारी रावण का दहन किया गया। पहली बार 26-26 फिट का कुंभकर्ण व मेघनाथ पुतला भी दहन किया गया। इस दौरान हजारों लोगों ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। इस बार रावण दहन के दौरान प्रशासनिक अमले की देखरेख चुस्त दुरुस्त रही। राम लीला के पात्र ने अपने अपने किरदार के अनुसार रामायण का पाठ किए।

जिले का सबसे बड़ा दशहरा उत्सव गुरुवार 2 अक्टूबर कृषि उपज मंडी के मैदान में आयोजित रहा। रावण दहन से पूर्व रामलीला मंडली नेभगवान श्री राम एवं रावण के संवाद के पश्चात 7 बजे 35 फिट के आदम रावण दहन किया गया। रावण दहन के साथ ही आतिशबाजी की गई, इसके बाद विजयी राम, लखन, जानकी और वानर सेना का अभिनंदन किया गया। श्रीराम का राज्याभिषेक कर आरती उतार कर लोगों ने आशीर्वाद लिया। पुतला दहन के बाद अच्छाई का बुराई पर जीत का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, प्रहलाद रजक, राजेंद्र शर्मा अन्य जन प्रतिनिधि व कलेक्टर, एसपी सहित हजारों की संख्या में आमजन मौजूद रहे।

इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने मौजूद नागरिकों को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दशहरे का यह पर्व हमें सीख देता की सत्य की हमेशा जीत होती है। वनवास के दौरान श्रीराम भगवान के मार्ग में अनेक कठिनाई पैदा की गई, परंतु वे अपने सत्य के वचन पर अडिग रहकर एक आदर्श प्रस्तुत किए।

विधायक ने कहा की आज पूरे विश्व में सभी सनातनी राम राज्य की परिकल्पना कर रहे हैं। कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्था बनाने मे पुलिस टीम सक्रिय रहा। दशहरा उत्सव मेला के स्वरूप मे हुआ, जहां पर विभिन्न प्रकार के झूले, होटल, मिठाई एवं खिलौना सहित कई तरह के दुकान लगे हुवे थे।

### सुबह से पुतला लगाने के लिये जुटे

मंडी परिसर मे रावण दहन की तैयारी किया गया लोहे के पाइप के सहारे रावण व कुंभकर्ण, मेघनाथ के पुतला को खडा किया गया। बोरे लकड़ी व भूसा डाल कर बनाये पुतला दहन के लिये पूरी व्यवथा की गई थी। सुबह से जारी घंटों मशक्कत के बाद रावन का पुतला 12 बजे के करीब खड़ा हो पाया। साथ ही पुतला दहन के दौरान लोगो को दुर रखने के लिए बांस का बकायदा बेरिकेटस बनाकर आम जनों को दुर रखने के लिए दायरा बनाया गया था ,जिसके कारण पुतला दहन के समय लोग निर्धारित दुरी पर रहे।

### दो गेट खोले गए थे

आने जाने के लिये मंडी परिसर में आने जाने के लिए जहां रायपुर रोड स्थित गेट व मंडी के मुख्य गेट रखा गया था जहा से लोगों का आना जाना होता रहा है। वाहनों के लिए पुराना बस स्टैन्ड व गस्ती चोक के पास रोक दिया गया था, जहां से लोगों को कार्यक्रम स्थल तक पैदल ही जाना पड़ा।

### रामलीला के रोचक संवाद ने किया प्रभावित

दशहरा आयोजन के दौरान रामलीला का मंचन किया गया ,जहा पर मंच में राम की वानर सेना व रावण का राक्षसी सेना दोनो के बीच संवाद हुआ जिसके बाद दोनो मे प्रतिकारात्मक युध्द हुआ । युध्द के पश्चात रावण वध करने के बाद फिर राज्याभिषेक किया गया। इसके पूर्व दोनो दल शहर स्थित राममंदिर प्रांगण मे तैयार होकर शाम 5 बजे मैदान के लिए रवाना हुए थे जो मुख्य मार्ग होते हुए मंडी मैदान पहुचे फिर 6 बजे सें लेकर 7 बजे तकं संवाद व युध्द हुआ ।

### मेला जैसा रहा महौल, हजारों लोगों की भीड़ जुटी

किसी उपज मंडी में आयोजित दशहरा पर्व के दौरान मेला कि तरह माहैल रहा। तरह-तरह की दुकानें लगायी गयी थी, जिसमें लोगों ने खुब खरीददारी की। सबसे अधिक बिक्री मिठाई, पान व फलो की हुई। मेला स्थल के आलावा पुराना बस स्टेन्ड, गस्ति चौक, मंडी परिसर, रायपुर रोड, नया बस स्टेन्ड, प्रताप चौक में मिठाई का दुकान लगायी गई थी। इस दौरान आसपास के गांव बैजी, लोलेसरा, गांगपुर मोहतरा, नवगांव , कोबिया, गुनरबोड ,मटका ,बसनी, कंतेली, हथमुडी समेत अनेक गांवों से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए । रावण वध एवं भगवान राम की आरती के पश्चात लोग रामजानकी मंदीर पहुच कर देव दर्शन किये ।

### आतिशबाजी से गूंज उठा पूरा मैदान

रामलीला नाट्यमंचन के बाद भगवान श्री राम द्वारा रावण के पुतले को जलाया, पूरा मैदान पटाखों व अनारदाना के आतिशबाजी से गूंज उठा। वहीं रावण दहन के बाद घर-घर में भगवान श्रीराम व हनुमान जी की पूजा-अर्चना की गई।

### ढोलिया में दशहरा उत्सव की रही धूम

ग्राम ढोलिया में दशहरा उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया. जहां पर रामलीला मंडली के द्वारा दशहरा मैदान में रामलीला का मंचन कर बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ रावण का पुतला का दहन किया गया. रामलीला मंडली में अध्यक्ष रामचंद्र साहू, नरसिंहपुरी गोस्वामी, बलराम साहू, महेश दास मानिकपुरी, गणेशराम साहू, सरपंच फेरहाराम साहू, पुसउराम साहू, शिवप्रसाद साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### बाजे-गाजे के साथ श्रीराम की सेना पहुंची और किया रावण का वध



**बेमेतरा/बेरला।** बुराई पर सच्चाई का प्रतीक विजय दशमी पर्व मटिया में हर्षोल्लास से मनाया गया। गुरूवार देर शाम स्कूल के पास स्थित मैदान में 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। उड़ता हनुमान मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान अतिशबाजी की गई, जिससे आसमान जगमगा उठा। सैकड़ों लोगों ने आतिशबाजी का नजारा देखा। आयोजन में मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा, बेरला जनपद उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, सरद मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, कांग्रेस नेता तखत राम साहू शामिल हुए। भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने आयोजन के संयोजक राजेंद्र वर्मा सहित उनकी टीम को बधाई दी, जिनके अथक प्रयास की बदौलत लगातार 53वें वर्ष दशहरा पर्व का भव्य आयोजन किया। विजयादशमी का यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक का पर्व है। इस पर्व से यह प्रेरणा मिलती है, बुराई चाहे जितनी ताकतवार क्यों न हो, अंत में जीत अच्छाई की ही होती है। इसलिए कभी भी बुराई के रास्ते में नहीं जाना चाहिए। बेरला जनपद उपाध्यक्ष शुभम वर्मा ने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। पूरे देश में यह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। विजयादशमी पर हमें यही प्रेरणा लेनी है कि हमें अपने अंदर व सामने की बुराइयों का मिलकर खात्मा करना है। भाजपा सरदा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा ने गांववासियों को दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत को विजयादशमीं के रूप में मनाते हैं। इस दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने अहंकारी रावण का वध किया था। कांग्रेस नेता तखत साहू ने कहा कि विजयादशमीं का पर्व हमें अपने अंदर के रावण रूपी अहंकार को मारने की सीख देती है।

**राम-लक्ष्मण-सीता और हनुमान सेना की झांकी:** झांकियों के माध्यम से असत्य पर सत्य व बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाया गया। जिसमें राम-लक्ष्मण-सीता, हनुमान सेना सहित रावण इत्यादि की झांकियां निकाली गई। भगवान श्रीराम, भाई लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान की जीवंत झांकी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

# विजयादशमी पर्व पर रक्षित केन्द्र में की गई शस्त्र पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विजयादशमी पर रक्षित केन्द्र में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा एवं शस्त्र की पूजा, हवन विधि विधान से की। उन्होंने पुलिस परिवार एवं बेमेतरा की जनमानस की शांति एवं सुख समृद्धि की कामना कर शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। इस अवसर पर उन्होने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयदशमी की बधाई दी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, डीएसपी कौशिल्या साहू, डीएसपी संतोषी ग्रेस, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, आर्म्स शाखा सउनि राममिलन सिंह, सउनि माधव साहू, विष्णु सप्रे, आचार्य अभिषेक दुबे एवं रक्षित केन्द्र सहित पुलिस कार्यालय व थाना, चौकी के अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी तरह जिले के थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा भी अपने-अपने थाना, चौकी में शस्त्र की पूजा की गई।

### कांग्रेस भवन में मनायी गई बापू की जयंती

# विश्व में है महात्मा गांधी की विचारधारा की प्रासंगिकता : आशीष छाबड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस भवन एवं राम मंदिर प्रांगण में गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। अपनी ओर से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने दोनों नेताओं को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और कहा कि आज विश्व में जिस तरीके के हालात चल रहे हैं उसमें सर्वाधिक किसी विचारधारा की प्रासंगिकता है तो वह महात्मा गांधी के विचारों की प्रासंगिकता है। महात्मा गांधी न केवल एक व्यक्ति थे, बल्कि एक विचार थे जो सदियों तक मानवता को जीवन का एक रास्ता दिखाये। आजादी की लड़ाई शांति और अहिंसा के मार्ग से उन्होंने जीता। आज समूचा विश्व उसी रास्ते पर चलने की सोच रहा है।

महात्मा गांधी आज केवल भारत ही नहीं पूरे विश्व के सर्वमान्य नेता है, जिनके विचार समान रूप से संपूर्ण विश्व में स्वीकार किया जा रहे हैं। इस अवसर पर ललित विश्वकर्मा जिला महामंत्री, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, दिनेश पटेल जिला अध्यक्ष सेवादल, मनोज शर्मा, ऋषि वर्मा, मिथलेश वर्मा, मोहित, भावसिंह राज, नीलेश ठाकुर, राजेन्द्र वर्मा, राजकुमार निषाद, राजकुमार बंजारे, जयप्रकाश, तोकेश्वर साहू, धरम वर्मा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सीएसआर मद की राशि में गड़बड़ी की आशंका

# जिले में स्थापित उद्योगों के विकास में खास योगदान नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में दर्जनों छोटे बड़े उद्योग चल रहे हैं, जिनमें बेरला विकासखण्ड इलाके में फिलहाल बड़ी संख्या में विभिन्न प्रकार के कारखाने-उद्योग एवं फैक्टरियां स्थापित है। औद्योगिक कम्पनियों द्वारा गांव में अपना प्लान्ट दशकों से तैयार कर निरन्तर निर्माण कार्य किया जा रहा है। किसी भी ग्रामीण एरिया में कल कारखाने स्थापित होता है तो उसे शासन के नियमों के तहत एक निश्चित राशि गांव के विकास के लिए देनी पड़ती है, चाहे वे सड़क के लिए हो यह फिर क्षेत्र के जनहित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की।

लेकिन जमीनी हकीकत इन फैक्टरियों से जुड़े गांवों का विकास आज पर्यंत तक उचित ढंग से नहीं हो पाया है। जबकि नियमतः फैक्टरियों को गांव में जनकल्याणकारी कार्यों के लिए सीएसआर मद के रूप में राशि देनी होती है। जिससे गांव का जरूरी निर्माण एवं विकास कार्य को पंचायत प्रशासन अथवा अन्य एनजीओ के माध्यम से किया जा सके, जबकि हक़ीअत धरातल पर इसके विपरीत बेरला क्षेत्र में नज़र आ रही है, जिसका ताज़ा नज़ारा बेरला क्षेत्र के ग्राम बोरसी व पिरदा की वर्तमान हालत को देखकर लगाया जा रहा है। जहां पर स्थित फैक्टरी दशकों से स्थापित होने के बावजूद लोक कल्याणकारी व विकास कार्यों में कोई खास योगदान नहीं दे पाया है। परंतु अपुष्ट सूत्रों की माने तो हर साल बड़ी मात्रा में सीएसआर की राशि गांव परिक्षेत्र में लगे फैक्टरी व प्लान्ट द्वारा मिल रही है, लेकिन कोई भी विशेष कार्य धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा है। जिस पर संज्ञान लेकर जिला व विकासखण्ड प्रशासन को उचित जांच कर कार्यवाही करने की जरूरत है।

### कागजों पर खर्च तो नहीं ?

बेरला क्षेत्र में दर्जनों की संख्या में छोटे-बड़े उद्योग स्थापित है। बकायदा स्थापित उद्योग हर वर्ष सीएसआर मद की राशि आयकर विभाग में जानकारी देने से पहले लाखों की राशि विकास कार्यों के लिए देती है, जिसे वे श्रम विभाग से लेकर शासन प्रशासन को भी जानकारी मुहैया करती है। बताया जा रहा की बकायदा कई फैक्ट्रियां यह राशि संबंधित पंचायत के खाते में जमा कराई जाती है। जब सीएसआर मद की राशि दी जा रही है, तो आमजनों में सवाल उठ रहा है कि फिर गांवों में विकास कार्य नजर नहीं आ रहा है। यह तो यह राशि कागजों में दिखाकर पंचायत अमले ओर संबंधित उद्योगों के अधिकारी कहीं बंदर बाट तो नहीं कर रहे हैं। अगर प्रशासन तह तक जांच करते हैं तो निश्चित रूप से कई फर्जी विकास कार्य कागजों में दिखाई देगी, आगे उक्त राशि का सही इस्तेमाल क्षेत्र के विकास के लिए किया जा सकता है।

# बुधवारा में हुई ग्रामसभा सामाजिक अंकेक्षण 6 से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

शासकीय पूर्व एवं प्राथमिक शाला बुधवारा में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत ग्रामसभा का आयोजन किया गया।

इस बैठक में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षाविद् और ग्राम के उपसरपंच सहित पालकगण उपस्थित रहे। इस अभियान के अंतर्गत ग्रामसभा का आयोजन किया गया, जिसमें शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों और पालकगण को अभियान के उद्देश्यों और गतिविधियों की जानकारी दी गई। आगामी 6, 7 या 8 अक्टूबर में से किसी एक दिन सामाजिक अंकेक्षण किया जाएगा। इसमें 20 बिंदुओं पर प्रश्न पूछे जाएंगे, जिसकी जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई। इस दौरान सामाजिक अंकेक्षण के दिन /"न्योता-भोजन/" आयोजन के लिए सभी उपस्थित लोगों ने सहमति व्यक्त की और स्वेच्छा से राशि एकत्रित की। शाला परिवार ने सभी का आभार व्यक्त किया।बैठक में शिक्षाविद् परेटन सिंह राजपूत, ठाकुर राम वर्मा, उपसरपंच राम अवतार सिंह राजपूत, शैलेन्द्र सेन, प्रधान पाठक सतीश देवांगन, शिक्षिका मैमुना सुल्ताना सहित शाला परिवार के शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

